# कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर

(हवामहल के पीछे पुराना पुलिस मुख्यालय जयपुर 302001)

कमांक एफ.( )अध्यक्ष/स्वा./स्व.(बी)/2025-26/18 दिनांक 29/08/2025

## बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक 22.08.2025 को दोपहर 2.00 बजे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति (बी) की बैठक माननीया महापौर महोदया की अध्यक्षता में नगर निगम हैरिटेज मुख्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा, समिति सदस्यगण, अधिकारिगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए। सर्वप्रथम समिति की मीटिंग कार्यवाही प्रारम्भ करने से पूर्व माननीया महापौर महोदया एवं समिति अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा जी(नटराज) ने मीटिंग में पधारे सभी समिति के सदस्यगणो एवं सभी अधिकारी/कर्मचारिगणो का अभिनन्दन किया। तत्पश्चात मीटिंग की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

### एजेण्डा के बिन्दु संख्या–1

गत मीटिंग की पृष्टि हेतु समिति अध्यक्ष महोदय ने सम्बन्धित अधिकारियो से गत मीटिंग 22.05.2025 के सम्बन्ध में वांछित प्रगति रिपोर्ट चाही, जिसमें पूर्व में केवल गैराज शाखा की ही रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। अन्य किसी भी शाखा की रिपोर्ट प्राप्त नही हुई है। समिति अध्यक्ष महोदय द्वारा शेष रही शाखाओ की प्रगति रिपोर्ट 3 दिवस में उपलब्ध करवाने हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया ।

### एजेण्डा के बिन्दु संख्या–2

समिति अध्यक्ष महोदय ने नगर निगम जयपुर हैरिटेज में जारी होटल, रेस्टोरेन्ट के ट्रेड लाईसेन्सो, मलेरिया शाखा की टीम के कार्यो एवं हेल्थ स्टोर के कार्यो पर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती सोनिया अग्रवाल से चर्चा की गई। सर्वप्रथम मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा होटल, रेस्टोरेन्ट के ट्रेड लाईसेन्सो के रजिस्ट्रेशन, नवीनीकरण के सम्बन्ध में चाही गई सूचना समिति अध्यक्ष महोदय को दी। मीटिंग में किशनपोल एवं सिविल लाईन जोन के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षको द्वारा सफाई व्यवस्था हेतु हाथ गाडियो की खराब स्थिति में होने की समस्या बताई, जिस पर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक को कहा कि स्थायी अथवा अस्थाई सामान जो भी स्वास्थ्य निरीक्षक/मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक की मांग आती है तो उसे जरूरत के अनुसार उपलब्ध करवाया जावेगा। साथ ही पुरानी हाथ गाडी जमा करवाओ एवं नई हाथ गाडी की डिमाण्ड भेजो। समिति अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वास्थ्य निरीक्षक को श्रावण मास के सभी सोमवार पर सफाई का अच्छा कार्य करने पर उन्हे धन्यवाद दिया और आगे आने वाले श्री गणेश चतुर्थी पर्व पर अच्छी सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिये एवं कहा कि सफाई व्यवस्था हेतु किसी भी संसाधन की कमी हो तो

हमे बताये साथ ही जिस वार्ड में फोगिंग करवाने की डिमाण्ड आती है तो जल्दी उस वार्ड में फोगिंग का कार्य त्वरित गति से शूरू करवा दिया जावेगा। समिति अध्यक्ष महोदय ने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी से होटल रेस्टोरेन्ट के ट्रेड लाईसेन्सो के रजिस्ट्रेशन, नवीनीकरण के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वास्थ्य निरीक्षको को निर्देश दिये कि वे होटल, रेस्टोरेन्ट के दुकानदारो से उसकी दुकान का ट्रेड लाईसेन्स हेतु सेल्फ असेसमेन्ट करवा कर आवेदन प्राप्त करे। सेल्फ असेसमेन्ट हेतु आवेदन का फार्मेट मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वास्थ्य निरीक्षको को जल्दी ही उपलब्ध करवा दिया जावेगा, जिससे होटल, रेस्टोरेन्ट मालिक को ट्रेड लाईसेन्स बनवाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो।

<u>एजेण्डा के बिन्दु संख्या–3</u>

समिति अध्यक्ष महोदय द्वारा वार्ड न. 34 से 66 तक में स्थिति मोहल्ला विकास समितियो, एनजीओ एवं व्यापार मण्डलो को स्वच्छता अभियान 2025 में जोडने हेतु सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षको को निर्देश दिये कि वे मुख्य बाजार स्थानीय व्यापार मण्डल को साथ ले कर सप्ताह में एक बार स्वच्छता अभियान चालू करे। इस अभियान में मोहल्ला विकास समितियो को भी शामिल करना हैं, जिससे उनकी भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक व स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा अपने–अपने वार्डो की मोहल्ला विकास समिति, एनजीओ एवं व्यापार मण्डलो की सूची समिति अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत की गई। समिति सदस्य श्री हरमेन्द्र खोवाल ने बताया कि हमे डोर टू डोर कम्पनी कोनसी है इसका पता नही है और न ही हमे हूपरो का पता है। समिति अध्यक्ष महोदय ने कम्पनी ठेकेदार को वार्डवाइज हूपरो की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किये। समिति अध्यक्ष महोदय ने अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट से हूपरो की जानकारी ली, जिस पर अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट ने बताया कि सिविल लाईन जोन में कम्पनी के 112 हूपर लगे हुए है। जिसमें से 12 हूपर शाम की शीफ्ट में भी कार्य करते है। इसी प्रकार किशनपोल जोन में 105 हूपर होने चाहिए जो कि आवश्यकता से कम है। यही हूपर शाम की पारी में रिपीट होते है। महापौर महोदया ने सभी अधिकारिगण, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक व स्वास्थ्य निरीक्षक को कहा कि शहर में स्वच्छता पर थोडा अधिक ध्यान दे तो जयपुर दूसरे स्थान पर आ सकता हैं। इसके लिए आपको पब्लिक को समझाने में एवं आरडब्लूएएस एवं एन.जी.ओ. को स्वच्छता अभियान से जोडना होगा। अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट ने बताया कि कम्पनी का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। ओपन डिपो ज्यादा दिख रहे हैं। इस पर समिति अध्यक्ष महोदय ने कहा कि कम्पनी ठेकेदार को दिन में तीन बार ओपन डिपो उठाने चाहिए, अन्यथा इन पर पेनल्टी लगानी चाहिए। कम्पनी के जिम्मेदार व्यक्ति सम्पर्क नही करते, मुख्य बाजारो में हूपर नही जाते है, हेल्पर, ड्राईवर यूनिफोर्म में नही रहते। इस पर महापौर महोदया ने कम्पनी ठेकेदार को कहा कि आप क्यो नही कार्य कर रहे है, हमे सफाई चाहिए। उन्होने कम्पनी ठेकेदार को हूपरो पर हेल्पर लगाने के निर्देश प्रदान किये। समिति अध्यक्ष महोदय ने कहा कि किसी वार्ड में अतिरिक्त हूपर की आवश्यकता है तो अतिरिक्त हूपर देना पड़ेगा। समिति अध्यक्ष महोदय ने समस्त मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षको को निर्देश दिये कि आप सभी हूपरो

पर हेल्पर नही होने, हेल्पर एवं ड्राईवरो के यूनिफार्म में नही होने अन्यथा हूपर में सायरन नही बजने की रिपोर्ट के साथ ग्रुप में फोटो साझा करेगे सभी हूपरो की मॉनिटरिंग करेगे उसी कम में महापौर महोदया ने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वास्थ्य निरीक्षक को कहा कि हमे पैसा नही बचाना है बल्कि कम्पनी से कार्य लेना है।

<u>एजेण्डा के बिन्दु संख्या–</u>4 वार्ड वाईज कर्मचारियो की सूची पर चर्चा

वार्ड 34 से 66 तक के सभी स्वास्थ्य निरीक्षक ने अपने अपने वार्ड की वीट वाईज कर्मचारियो की सूची समिति अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत की, जिस पर समिति अध्यक्ष महोदय ने कहा कि कौन कर्मचारी कहा कार्य कर रहा हैं, जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण सुचारू हो सके। उन्होने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक को सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश प्रदान किये। दूसरी शिफ्ट मे कर्मचारी के कार्य का निरीक्षण किया जावेगा। डबल कार्य करने वाले कर्मचारियो की सूचना ग्रुप में डाले। माननीया महापौर द्वारा भी समिति सदस्यो को इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

<u>एजेण्डा के बिन्दु संख्या–5</u>

वार्ड 34 से 66 तक में स्थित गंदी गलियो एवं गंदे नालो की प्रगति पर चर्चा समिति अध्यक्ष महोदय ने किशनपोल जोन के अधिशाषी अभियन्ता से गन्दी गलियो एवं नालो की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की जिस पर अधिशाषी अभियन्ता किशनपोल जोन ने बताया कि किशनपोल जोन में 1300 गन्दी गलियो है। जिनमें 70 प्रतिशत सफाई का काम हो गया हैं, शेष गलियो की सफाई का कार्य चल रहा है। जो शीघ्र पूरा हो जायेगा सिविल लाईन जोन का कोई अधिकारी मीटिंग में नही आने के कारण सूचना अप्राप्त है। महापौर महोदया ने अधिशाषी अभियन्ता किशनपोल जोन को निर्देश दिये कि गंदी गलियो एवं नालो की सफाई का कार्य दीपावली से पूर्व कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए।

<u>एजेण्डा के बिन्दु संख्या–6</u>

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अन्तर्गत वार्ड 34 से 66 तक में चल रहे ''सफाई आपदाओ बीमारी भगाओ अभियान की पर्मीशन पर चर्चा :– इस सन्दर्भ में PIU टीम के प्रतिनिधि ने उक्त कार्यकृम की जानकारी महापौर महोदया एवं समिति अध्यक्ष को बताई, जिस पर समिति अध्यिक्ष एवं सदस्यां ने नाराजगी जताते हुए पूछा कि किसी भी कार्यक्रम की जानकारी वार्ड पार्षद, समिति सदस्यगण एवं मुझे क्यों नही देते हो? इस सम्बन्ध में महापौर महोदया ने PIU टीम के प्रतिनिधि को स्वच्छ सर्वेक्षण–2025 के किसी भी कार्यक्रम की पूर्व जानकारी के साथ समिति अध्यक्ष/सदस्यगणों को साथ लेकर कार्यक्रम करने के निर्देश प्रदान किये।

<u>एजेण्डा के बिन्दु संख्या–7</u>

स्वास्थ्य शाखा से जुडे कार्मिको के <u>स्थानान्तरण/पदस्थापन</u> अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की अभिशेषा/माध्यम से किये जाने पर चर्चा उपायुक्त (स्वास्थ्य) ने कहा

कि मेरी अभी नई नियुक्ति हुई है। थोडा समय लगेगा। समिति अध्यक्ष से चर्चा कर स्थानान्तरण समिति अध्यक्ष की सहमति लेकर करेगे।

एजेण्डा के बिन्दु संख्या–8

सफाई कार्यों की अधिकता को देखते हुऐ अनुभवी एवं योग्य स्वास्थ्य निरीक्षण संविद्धा पर रखे जाने हेतु चर्चा इस सम्बन्ध में उपायुक्त (कार्मिक) ने कहा कि वर्तमान में ऐसा कोई प्रावधान नही है फिर भी डी.एल.बी से पता कर लेंगे इस पर महापौर महोदया ने कहा कि आपस में चर्चा कर ले। यदि इससे पूर्व स्वास्थ्य निरीक्षक कभी संविदा पर लगे है, तो नियमानुसार जॉच करवा ले।

एजेण्डा के बिन्दु संख्या–9

श्री गणेश चतुर्थी पर्व पर विशेष सफाई अभियान चलाये जाने पर चर्चाः– इस सम्बन्ध में महापौर महोदया ने समसत मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक को निर्देश दिये कि श्री गणेश चतुर्थी पर्व पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाये। अभियान के अन्तर्गत जहॉ–जहॉ पर श्री गणेशजी की मूर्ति लगी हुई है वहॉ जमी हुई मिट्टी को हंटवाकर सफाई करावे एवं रंग–रोगन करावें। समिति अध्यक्ष महादय ने शोभायात्रा के मार्ग में समुचित सफाई करवाने, कचरा हटवाने एवं डस्टबिन भरे नही हो, इसकी पूर्व योजनान्तर्गत कर्मचारियों की छोटी–छोटी गैंग बनाकर सफाई कार्य एवं रंगोली करवाये जाने के निर्देश दियें।

एजेण्डा के बिन्दु संख्या–10

विशेष परिस्थितियों में सफाई कार्य करने हेतु मुख्यालय स्तर पर 20 सफाई कार्मिकों की विशेष टीम का गठन किये जाने पर चर्चा – इस सम्बन्ध में समिति सदस्य श्री सुभाष जी व्यास ने कहा कि पहले यह व्यवस्था थी किन्तु अब बन्द कर दिया है जब तक वार्डो का समानीकरण नही होगा, तब तक सेन्ट्रल टीम नही बन पायेगी। उपायुक्त स्वास्थ्य द्वारा विशेष टीम का गठन किया जायें।

एजेण्डा के बिन्दु संख्या–11 प्लास्टिक अभियान की समीक्षा एवं स्वच्छता चालान की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चाः–

इस सम्बन्ध में पीआईयू टीम के प्रतिनिधि द्वारा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत चल रहे प्लास्टिक जब्ती अभियान की जानकारी दी, जिस पर समिति अध्यक्ष महोदय ने सिविल लाईन जोन के जन प्रतिनिधियों के साथ सम्पर्क कर अभियान चलाने के निर्देश दिये। महापौर महोदया ने उपायुक्त (स्वास्थ्य) के निर्देश दिये कि प्लास्टिक जब्ती अभियान को निरन्तर चालू रखें। उपायुक्त (स्वास्थ्य) ने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक को कितना चालान करना है उसके नियम के आदेश वर्ष 2021 में जारी हुये है, उसके अनुसार चालान करना है। आदेश की प्रति उपलब्ध करवा दी जावेगी।

एजेण्डा के बिन्दु संख्या–12 सफाई कर्मचारियों के समानीकरण पर चर्चा –

बैठक में उपायुक्त (स्वास्थ्य) ने कहा कि इस विषय पर सभी जोन DC से चर्चा की है किन वार्डो में कितने कर्मचारी है उसकी सूची ली जा रही है। उपायुक्त स्वास्थ्य ने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वास्थ्य निरीक्षको को आईडी कार्ड एवं वर्दी में वार्ड में रहने के निर्देश प्रदान किये।

<u>एजेण्डा के बिन्दु संख्या–</u>13 अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से :–

1. पीआईयू टीम प्रभारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अन्तर्गत वार्ड न. 34 से 66 तक में स्थित मोहल्ला विकास समितियां, एनजीओ, व्यापार मण्डलो एवं मुख्य–मुख्य विधालयो की स्वच्छता प्रतियोगिता करवाने का कार्यक्रम बनाकर एक बडा कार्यक्रम तय कर समिति अध्यक्ष को सूचना प्रदान करे ताकि समिति अध्यक्ष द्वारा सर्वश्रेष्ठ विजेता को पुरस्कृत कर स्वच्छता को सदेश का जन–जन तक पहुँचाया जा सके।
2. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अन्तर्गत वार्ड 34 से 66 तक जो वार्ड स्वच्छता प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ घोषित होगा। उसे अध्यक्ष समिति स्तर पर पुरस्कृत किया जावेगा।
3. श्री गणेश चतुर्थी पर्व के पश्चात मुख्यालय एवं जोन स्तर पर (किशनपोल एवं सिविल लाईन जोन) स्वच्छता कर्मी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षको का मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जावे ।

समिति अध्यक्ष महोदय ने मीटिंग में पधारे माननीय महापौर महोदया सदस्यगण, अधिकारीगण एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक का आभार प्रकट किया। अन्त में मीटिंग राष्ट्रगान के साथ सधन्यवाद समाप्त हुई।

सचिव
**स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति (बी)**
**नगर निगम जयपुर हैरिटेज**

**प्रतिलिपि:–**

1. निजी सहायक महापौर/उपमहापौर नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
2. निजी सहायक आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
3. अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति (बी), नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
4. समस्त समिति सदस्यगण, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
5. उपायुक्त कार्मिक/स्वास्थ्य, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
6. उपायुक्त, किशनपोल जोन/सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
7. मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
8. अधिशाषी अभियन्ता (मुख्यालय/प्रोजेक्ट/सीवर/गैराज), नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
9. उपनिदेशक एवं जनसम्पर्क अधिकारी, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
10. संबंधित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
11. केयर टेकर, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
12. प्रभारी पी.आई.यू.टीम,
13. गार्ड फाईल।

सचिव
**स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति (बी)**
**नगर निगम जयपुर हैरिटेज**